विश्व सीमा शुल्क संगठन की बैठक

drishtiias.com/hindi/printpdf/world-customs-organisation

चर्चा में क्यों?

हाल ही में विश्व सीमा शुल्क संगठन (World Customs Organisation- WCO) के 'एशिया प्रशांत क्षेत्र के सीमा शुल्क प्रशासन' के क्षेत्रीय प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई है।

प्रमुख बिंदु

- इस बैठक का आयोजन 8-10 मई तक कोच्चि में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Indirect Taxes and Customs- CBIC) द्वारा किया जा रहा है।
- इस बैठक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 20 से अधिक देशों के सीमा-शुल्क प्रतिनिधि मंडल भाग ले रहे हैं।
- इसमें WCO के वरिष्ठ अधिकारी तथा इसके क्षेत्रीय संगठन जैसे- रीजनल ऑफिस फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग (ROCB) तथा रीजनल इंटेलीजेंस लायज़न ऑफिस (RILO) के प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं।
- इस बैठक में WCO द्वारा एशिया प्रशांत क्षेत्र के देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने, उसे सुविधाजनक बनाने और सुरक्षा प्रदान करने के लिये प्रारंभ किये गए विभिन्न कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।
- साथ ही उपरोक्त कार्यक्रमों के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण पर भी विचार किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि सीमा शुल्क और व्यापार के बीच परस्पर सहयोग के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए 7 मई, 2019 को व्यापार दिवस (ट्रेड डे) का आयोजन किया गया।
- इस दिन व्यापार व उद्योग जगत तथा थिंक टैंक के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सीमा शुल्क प्रशासन पर आधारित अपने विचार और अनुभव साझा किये।

भारत की भूमिका

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड एशिया-प्रशांत क्षेत्र में निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी भूमिका निभा रहा है:

I. क्षेत्र में बेहतर संचार और कनेक्टिविटी
II. आधुनिक तकनीक का उपयोग
III. समावेशी दृष्टिकोण
IV. प्रमुख मसलों पर आम सहमति

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Indirect Taxes and Customs- CBIC)

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (पूर्व में केंद्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड) वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।
- यह भारतीय संघ के अप्रत्यक्ष करों के संग्रह के संचालन के लिये सर्वोच्च निकाय है।
- यह सीमा शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, IGST से संबंधित नीतियों का निर्माण करता है एवं इनसे जुड़े हुए मामले इसके अंतर्गत आते हैं।
- बोर्ड अपने अधीनस्थ संगठनों के लिये प्रशासनिक प्राधिकरण है। इसके अधीनस्थ संगठनों में कस्टम हाउस, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और केंद्रीय जीएसटी आयुक्त तथा केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला शामिल हैं।

विश्व सीमा शुल्क संगठन (WCO)

विश्व सीमा शुल्क संगठन की स्थापना 1952 में सीमा शुल्क सहयोग परिषद Customs Co-operation Council- CCC) के रूप में की गई।

यह एक स्वतंत्र अंतर-सरकारी निकाय है।

WCO दुनिया भर के 183 सीमा शुल्क प्रशासनों का प्रतिनिधित्व करता है इनके द्वारा विश्व में सामूहिक रूप से लगभग 98% व्यापार किया जाता है।

विज़न: **Borders divide, Customs connects**

मिशन:

सीमा शुल्क प्रशासन को नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना ताकि व्यापार को वैध सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जा सके।

लक्ष्य:

लक्ष्य 1 - सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के सरलीकरण और सामंजस्य सहित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सुरक्षा और सुविधा को बढ़ावा देना = आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा पैकेज

लक्ष्य 2 - निष्पक्ष, कुशल और प्रभावी राजस्व संग्रह को बढ़ावा देना = राजस्व पैकेज

लक्ष्य 3 - समाज, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा = अनुपालन और प्रवर्तन पैकेज की रक्षा करना

लक्ष्य 4 - क्षमता निर्माण को मज़बूत करना = संगठनात्मक विकास पैकेज

लक्ष्य 5 - सभी हितधारकों के बीच सूचना विनिमय को बढ़ावा देना

लक्ष्य 6 - सीमा शुल्क के प्रदर्शन और प्रोफ़ाइल को बढ़ावा देना

लक्ष्य 7 - आचरण अनुसंधान और विश्लेषण

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सीमा शुल्क की प्रमुख भूमिका है। वैश्विक व्यापार से संबंधित सुरक्षा को बेहतर बनाने तथा सीमा पार प्रक्रियाओं को सरल बनाने में WCO महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

स्रोत: **PIB, WCO** की आधिकारिक वेबसाइट